भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2720

जिसका उत्तर 22.12.2022 को दिया जाना है

सड़क निर्माण में स्टील स्लैग का उपयोग

2720. श्री पी.पी.चौधरी:

श्री प्रताप चंद्र सांरगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत छह महीनों के दौरान सरकार ने कई राजमार्गों का उद्घाटन किया है जिनका निर्माण स्टील स्लैग का उपयोग करके किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या स्टील स्लैग का उपयोग करना परम्परागत पद्धति की तुलना में अधिक लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का सड़कों के निर्माण में स्टील स्लैग के उपयोग को बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का राजस्थान राज्य में ऐसी सड़कों का निर्माण करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर पेवमेंट कोर्स के निर्माण में स्टील स्लैग का उपयोग परीक्षण चरण में है। परीक्षण खंडों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षण खंडों के प्रदर्शन के आधार पर एनएच पर स्टील स्लैग का उपयोग बढ़ने की उम्मीद है।

*****